Telephone – 2225634

Fax – 0612 – 2221056

प्रधान महालेखाकार (ले० एवं ह०) का कार्यालय, बिहार, पटना

OFFICE OF THE PR. ACCOUNTANT GENERAL (A&E), BIHAR, PATNA

पत्रांक / No. Admn-I/(A&E)/discipline-1176/20-21/C-293

दिनांक/ Date: 04.03.2021

कार्यालय आदेश

इस कार्यालय के कार्यालय आदेश संख्या Admn-I/(A&E)/descipline1176/20-21/C-291 दिनांक 26.02.2021 द्वारा यह निदेशित किया गया है कि कार्यालय में बिना वैद्य पहचान पत्र अथवा आगंतुक पास के कार्यालय में प्रवेश नहीं कर सकते हैं।

इस कार्यालय में विविध प्रकार के कार्य के लिए विभिन्न विद्याओं के पेशेवरों का सहयोग लिया जा रहा है जिन्हे उक्त कार्यालय आदेश से असुविधा हो रही है ।

उक्त के आलोक में समीक्षोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि किसी पेशेवर की सेवा प्राप्त कर रहे अनुभाग के वरीय लेखा अधिकारी, संबंधित पेशेवर के कार्यालय में प्रवेश हेतु एक निर्धारित अवधि तक मान्य प्रवेश पास जारी करने के लिए वरीय लेखा अधिकारी/शिकायत कोषांग को अनुशंसा करेंगें तथा वरीय लेखा अधिकारी/शिकायत कोषांग उक्त अनुशंसा के आधार पर संबंधित पेशेवर के पक्ष में एक निर्धारित अवधि तक मान्य प्रवेश पास जारी करेंगे एवं इस संदर्भ में अनिवार्य दस्तावेज नियमानुसार संधारित करेंगे ।

अन्य आगंतुको के लिए जारी किए जा रहे प्रवेश पास पूर्व की भांति जारी किए जाएगें ।

ह0/–

वरीय उप महालेखाकार (प्रशासन)

प्रतिलिपिः–

1. प्रधान महालेखाकार (ले. एवं हक.) का सचिवालय
2. वरीय उप महालेखाकार (प्रशासन/जी.ई.) का सचिवालय
3. वरीय उप महालेखाकार (पेंशन/फंड) का सचिवालय
4. वरीय उप महालेखाकार (लेखा/भी.एल.सी/कार्य) का सचिवालय
5. सभी वरीय लेखा अधिकारी
6. शिकायत कोषांग
7. सूचना पट्ट

वरीय लेखा अधिकारी/प्रशासन–1